RAF SECTOR
NEWS CLIP
08/05/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Guruvram mail, Punhana, (Haryana)

साइबर क्राइम को लेकर डीएसपी शमशेर सिंह की अगुवाई में निकाला फ्लैग मार्च

आशीष गोयल/गुड़गांव मेल

पुन्हाना, 5 मई। साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए अब जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। बीते दिनों जहां हजारों पुलिसकर्मियों की टीम ने दर्जनों गांवों में जाकर साइबर अपराध से जुड़े अपराधियो पर शिकंजा कसा था, वही पुलिस अब भी साइबर अपराधियों पर अपनी पैनी निगाहे रखे हुए है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस कप्तान वरुण सिंगला के दिशा निर्देशानुसार डीएसपी पुन्हाना शमशेर सिंह के नेतृत्व में पुन्हाना, पिनगवां, बिछौर व सिटी चौकी पुलिस व रैपीड एक्शन फोर्स के भारी पुलिस दल के साथ साइबर क्राइम के चिन्हित क्षेत्रो में फ्लैग मार्च निकालकर लोगो के दिलो से साइबर क्राइम को भगाने व अपराधियो के प्रति खौफ बनाने का काम किया। साथ ही उन गांवों के रास्तो को पुलिस फोर्स को दिखलाया गया जिनसे आसानी से पुलिस अपराधियो के ठिकाने तक पहुंच सके।

डीएसपी शमशेर सिंह ने कहा कि लोगो के साथ लगातार बढ़ते साइबर ठगी के मामलों को देखते हुए बीते दिनों पुलिस ने भारी संख्या में अपराधियों को गिरफ्त किया। अभी अभियान लगातार जारी है। किसी भी सूरत में इलाके में अपराध बर्दाश्त नही किया जाएगा। डीएसपी शमशेर सिंह ने कहा कि अपराध करने वाले अपराधी या तो इलाका से बाहर चले जाएं अन्यथा उन्हें अपराध छोड़ना होगा। अपराध बर्दाश्त नही किया जायेगा।

डीएसपी शमशेर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस बल के साथ पुन्हाना, पिनगवां व बिछौर थाने के अंर्तगत चिन्हित साइबर क्राइम क्षेत्रो में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के माध्यम से ऐसे गांवों के रास्तो को पुलिस टीम को दिखलाया गया, जहां से पुलिस आसानी से अपराधियो तक पहुंच सके। इसके अलावा गांव के मौजिज लोगो से भी पुलिस टीम को मिलाया गया। ताकि साइबर अपराध ग्राफ पर रोक लगे।

Pioneer, Nuh, (Haryana)

साइबर क्राइम को लेकर डीएसपी की अगुवाई में निकाला फ्लैग मार्च

ललित गर्ग। पुन्हाना

साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए अब जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। बीते दिनों जहां हजारों पुलिसकर्मियों की टीम ने दर्जनों गांवों में जाकर साइबर अपराध से जुड़े अपराधियों पर शिकंजा कसा था, वहीं पुलिस अब भी साइबर अपराधियों पर अपनी पैनी निगाहें रखे हुए है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस कप्तान वरुण सिंगला के दिशा निर्देशानुसार डीएसपी पुन्हाना शमशेर सिंह के नेतृत्व में पुन्हाना, पिनगवां, बिछौर व सिटी चौकी पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स के भारी पुलिस दल के साथ साइबर क्राइम के चिन्हित क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों के दिलों से साइबर क्राइम को भगाने व अपराधियों के प्रति खौफ बनाने का काम किया। साथ ही उन गांवों के रास्तों को पुलिस फोर्स को दिखलाया गया। जिनसे आसानी से पुलिस अपराधियों के ठिकाने तक पहुंच सके। डीएसपी शमशेर सिंह ने कहा कि लोगों के साथ लगातार बढ़ते साइबर ठगी के मामलों को देखते हुए बीते दिनों पुलिस ने भारी संख्या में अपराधियों को गिरफ्त किया। अभी अभियान लगातार जारी है। किसी भी सूरत में इलाके में अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डीएसपी शमशेर सिंह ने कहा कि अपराध करने वाले अपराधी या तो इलाका से बाहर चले जाएं अन्यथा उन्हें अपराध छोड़ना होगा। अपराध बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। डीएसपी शमशेर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस बल के साथ पुन्हाना, पिनगवां व बिछौर थाने के अंतर्गत चिन्हित साइबर क्राइम क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।